लखनऊ, 14 मार्च 2015 दैनिक जागरण

एग्रो-टेक से किसानों को लाभ

◆ भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में एग्रो-टेक 2015

जागरण संवाददाता, लखनऊ : खेती किसानी से संबंधित तकनीकों, उत्पाद, नई सोच तथा सेवाओं पर आवश्यक जानकारी को एक मंच से किसानों तक पहुंचाने के लिए भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में एग्रो-टेक 2015 का आयोजन किया जा रहा है। एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित एग्रो-टेक 2015 का उद्घाटन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉ.राजेन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ.ओके सिन्हा, भूतपूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त अनीस अंसारी, एग्रीकल्चर टूडे समूह के अध्यक्ष एम जे खान, डॉ. एके साह तथा शोध संस्थानों के वैज्ञानिक मौजूद थे। एग्रोटेक में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान ने अपनी तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाया। रहमानखेड़ा स्थित केंद्रीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, कानपुर के भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान शोध केंद्र द्वारा आधुनिक तकनीकों तथा उत्पाद को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना पर आयोजित स्टाल मेला का मुख्य आकर्षण है।

अमर उजाला

लखनऊ। शनिवार। 14 मार्च 2015

किसानों की दी गई गन्ने की नई किस्मों की जानकारी

लखनऊ। गन्ने की खेती में आधुनिक शोध को किसानों और इंडस्ट्री तक पहुंचाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ शुगरकेन रिसर्च (आईआईएसआर) तीन दिन की गोष्ठी एग्रोटेक-2015 आयोजित कर रहा है। गोष्ठी के दूसरे दिन शुक्रवार को किसानों और इंडस्ट्री को नई तकनीक से रूबरू कराया गया। आईआईएसआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके साह ने बताया कि नई गन्ना किस्मों का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में दूसरे वैज्ञानिक संस्थान भी भाग ले रहे हैं। एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप के साथ संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. ओके सिन्हा, पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त अनीस अंसारी, एग्रीकल्चर टुडे समूह के अध्यक्ष एमजे खान भी शामिल हुए।

the pioneer
LUCKNOW I SATURDAY I MARCH 14, 2015

'Agro-Tech 2015' at Indian Institute of Sugarcane Research in Lucknow

AGRO-TECH-2015

To provide information on new farming technologies, farm products, services, government schemes, household and health products, agri-inputs to farmers and agencies engaged in farming related activities from a common plate-form, 'Agro-Tech 2015' is being organised at the Indian Institute of Sugarcane Research in Lucknow from March 12 to 14. It was inaugurated by UPCAR director general Rajendra Kumar and

डेली न्यूज़ एक्टिविस्ट, लखनऊ 14 मार्च 2015

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में एग्रो–टेक 2015 का आयोजन

किसानों को दी गई जानकारी

लखनऊ (डीएनएन)। खेती किसानी से संबंधित तकनीकों, उत्पाद, नई सोच तथा सेवाओं पर आवश्यक जानकारी को एक मंच से किसानों तक पहुंचाने के लिए भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में एग्रो-टेक 2015 का आयोजन किया जा रहा है। एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित एग्रो-टेक 2015 का उद्घाटन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. ओके सिन्हा, भूतपूर्व कृषि उतपादन आयुक्त अनीस अंसारी, एग्रीकल्चर टूडे समूह के अध्यक्ष एमजे खान, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके शाह तथा शोध संस्थानों के वैज्ञानिकगण प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस एग्रोटेक में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान ने अपनी तकनीकों पर प्रदर्शन स्टाल लगाया।

नई गन्ना किस्मों (कोलख 9709, को. 0238, को.पीके. 05191 तथा को.ह. 128) को भी मेला में प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना पर आयोजित स्टाल मेला का मुख्य आकर्षण है। बीज

निर्माता, खादी ग्रामोद्योग, पराग डेयरी, चाय, बोर्ड, मछली विकास बोर्ड, मारुती कार तथा अन्य निवेश निर्माता कंपनीयों ने अपने-अपने स्टाल एग्रोटेक में लगा रखा है।

आज बारिश के आसार

लखनऊ। पश्चिमी विक्षोभ में परिवर्तन होने से शनिवार को बारिश की संभावना मौसम विभाग जताई है। शुक्रवार की शाम से ही आसमान में बदली का माहौल था। शाम खुशनुमा थी। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 13.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता के अनुसार शनिवार को पूर्वी व पश्चिमी प्रदेश में हल्की बारिश होगी। इसके बाद मौसम फिर सामान्य हो जाएगा। रविवार को भी बदली छाई र[illegible]